हरिभूमि
मालवा भूमि फ्रंट पेज
भोपाल, सोमवार 26 अक्टूबर 2026
[देवास | शाजापुर | शुजालपुर | कालापीपल | नलखेड़ा | कानड़ | आगर मालवा | ललितपुर | मंदसौर]

06 वाहन चेकिंग में पकड़ा गया मोटरसाइकिल चोर



07 मतदाता सूची में नाम जुड़वाने के लिए जिले के सभी 1156...



खबर संक्षेप में

बगलामुखी मंदिर पर आज हवन पूजन कार्य रहेंगे बंद

नलखेड़ा। नगर में स्थित विश्व प्रसिद्ध पीतांबरा सिद्ध पीठ मां बगलामुखी मंदिर पर सोमवार को मां बगलामुखी देवी लोक के विभिन्न विकास कार्यों का भूमि पूजन एवं लोकार्पण कार्यक्रम प्रस्तावित होने से बगलामुखी मंदिर प्रबंध समिति द्वारा जारी किए गए एक आदेश में बताया गया कि मंदिर परिसर स्थित यज्ञशालाओं एवं मंदिर परिसर के बाहर स्थित निजी यज्ञशालाओं में भी प्रातः 7 बजे से रात्रि 9 बजे तक हवन पूजन पूर्णतः बंद रहेंगे।

सिद्धचक्र महापूजन का हुआ आयोजन

मन्दसौर। पूज्य जैन संत मुनिराज श्री प्रत्यक्षरत्न विजयजी म.सा. व श्री पवित्र रत्न विजयजी म.सा. आदि ठाणा 2 की पावन प्रेरणा व सान्निध्य में जीवागंज स्थित राजेन्द्र विलास में दिनांक 18 अक्टूबर से दिनांक 26 अक्टूबर तक शाश्वत नवपदजी की औली का आयोजन हो रहा है। रविवार को नवपदजी की औली के अष्टम दिवस राजेन्द्र विलास जीवागंज में दोनों मुनि श्री की पावन निश्रा में सिद्धचक्र महापूजन का आयोजन किया गया।

नपाध्यक्ष गुर्जर ने मन की बात सुनी

मन्दसौर। नपाध्यक्ष रमादेवी बंशीलाल गुर्जर ने रविवार को वार्ड क्रमांक 33 स्थित बाकड़ी फार्म क्षेत्र पहुंचकर भाजपा नेता चुन्नीलाल चौहान के निवास स्थान पर पहुंचकर क्षेत्रिय पार्षद कमलेश सिसोदिया के साथ प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के मन की बात का 139 वां एपिसोड श्रवण किया। इस मौके पर पार्षद कमलेश सिसोदिया, भाजपा नेता चुन्नीलाल चौहान, कैलाश लौहार, शांतिलाल परमार, जड़ावचंद परमारआदि ने गुर्जर का दुपट्टा पहनाकर स्वागत किया।

पंडित दीनदयाल रसोई में अनियमितता



मंदसौर। ब्लॉक कांग्रेस कमेटी शहर मंदसौर की अध्यक्ष इष्टा भाचावत के नेतृत्व में कांग्रेस के पार्षद गण, पूर्व पार्षद गण एवं कांग्रेस के पदाधिकारियों के प्रतिनिधि मंडल ने मुख्य नगर पालिका अधिकारी से भेंट कर शहर में संचालित पंडित दीनदयाल रसोई में हो रही अनियमितताओं से अवगत कराया था।ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष इष्टा भाचावत ने प्रेस विज्ञप्ति में बताया कि प्रतिनिधि मंडल द्वारा उक्त रसोई के संचालन से संबंधित सूचना के अधिकार (फळक) के तहत जानकारी की मांग की गई थी, जिसका जवाब नगर पालिका द्वारा समय पर नहीं दिया गया। रविवार को मुख्य कार्यपालन अधिकारी, नगर पालिका मंदसौर द्वारा रसोई का भौतिक सत्यापन किया गया, जिसमें अनियमितताएं पाई जाना प्रमाणित हुआ है। यह इस बात को सिद्ध करता है कि रसोई के संचालन में शासन से दोहरी राशि / अधिक राशि ली जा रही थी। ब्लॉक कांग्रेस कमेटी शहर मंदसौर, कांग्रेस के प्रतिवेदन पर की गई इस कार्यवाही की सराहना करती है और मांग करती है कि कठोर कार्यवाही कर राशि की वसूली की जाए तथा भविष्य में भी इस प्रकार की जनहित से जुड़ी योजनाओं की सतत निगरानी की जाए।

गोपाल कृष्ण पुरस्कार योजना का क्रियान्वयन 27 अक्टूबर से

मंदसौर । जिले के चयनित वृंदावन ग्राम नांदवेल, धुंधडका, लदुना तथा संधारा की भारतीय उन्नत नस्ल की दुधारू गायों हेतु गोपाल कृष्ण पुरस्कार योजना का क्रियान्वयन आयोजन विकासखंड स्तर पर आगामी 27 अक्टूबर से 31 अक्टूबर के मध्य किया जाएगा। प्रतियोगिता में दुधारू भारतीय उन्नत नस्ल की गाय को पंजीकृत किया जाएगा।

बैंड-बाजे के साथ निकला भव्य चल समारोह, जगह-जगह पुष्पवर्षा से हुआ स्वागत

गुरु टेकचंद जी के जयकारों से गूंजा कानड़ धूमधाम से मना 215वां समाधि उत्सव







हरिभूमि न्यूज ⏭ कानड़

शरद पूर्णिमा के पावन अवसर पर रविवार को अखिल भारतीय जूना गुजराती दर्जी समाज के आराध्य गुरु टेकचंद जी महाराज का 215वां समाधि उत्सव श्रद्धा और उल्लास के साथ मनाया गया। बैंड-बाजे और ढोल की गूंज के बीच निकले भव्य चल समारोह में समाजजनों ने गुरु महाराज के जयकारे लगाए। सुसज्जित बग्गी में विराजित गुरु महाराज के चित्र के दर्शन के लिए श्रद्धालु उमड़े और जगह-जगह पुष्पवर्षा कर यात्रा का स्वागत किया। महिला मंडल ने गुरु महाराज को श्रद्धापूर्वक छप्पन भोग अर्पित किया।चल समारोह का शुभारंभ दर्जी सेरी स्थित समाज मंदिर से हुआ। यात्रा पीपल चौक, खरंजा चौक, झंडा चौक, दयानंद मार्ग और कांकेश्वर मंदिर होते हुए माताजी रोड स्थित मांगलिक भवन पहुंची, जहां गुरु महाराज की आरती के साथ समापन हुआ। समारोह के दौरान थाना प्रभारी राजकुमार दांगी पुलिस बल सहित तैनात रहे और सुरक्षा व्यवस्था संभाली। आयोजन की रूपरेखा समाज के युवा तरुण संघ द्वारा तैयार की गई थी।

जगह-जगह पुष्पवर्षा कर किया स्वागत

चल समारोह का खरंजा चौक पर पूर्व मंडी अध्यक्ष राजमल सोनी द्वारा सोनी समाज के नेतृत्व में स्वागत किया गया। आर्य कॉम्प्लेक्स पर राजेश माली,पार्षद विजयलक्ष्मी माली और हरिनारायण राठौर ने स्वागत किया। दयानंद मार्ग पर पूर्व नगर परिषद अध्यक्ष सिद्धनाथ चौधरी और भाजपा नेता कैलाश परिहार ने समारोह का अभिनंदन किया।नगर परिषद चौराहे पर लोकप्रिय विधायक मधु गहलोत, नगर परिषद अध्यक्ष प्रतिनिधि बाबूलाल बीजापारी, पूर्व नगर परिषद अध्यक्ष ओमप्रकाश पालीवाल, मंडल महामंत्री कविता शर्मा, पार्षद विजयलक्ष्मी माली, पूर्व पार्षद सैयद नसीर अली, बनेसिंह चौहान, रमेश सूर्यवंशी, डॉ. देवनारायण गौड़ और भरत संगवालिया सहित अन्य लोगों ने समाज के निर्माण समिति अध्यक्ष कन्हैयालाल परमार, समाज के वरिष्ठजनों तथा तरुण संघ के सदस्यों का पुष्पमालाओं और साफा बांधकर स्वागत किया।

महिला मंडल ने लगाया छप्पन भोग

समाधि उत्सव के अवसर पर समाज के महिला मंडल ने गुरु टेकचंद जी महाराज को श्रद्धापूर्वक छप्पन भोग अर्पित किया। महिलाओं ने विधि-विधान से पूजन-अर्चन कर गुरु महाराज के प्रति अपनी आस्था व्यक्त की। समाजजनों ने दर्शन कर सुख-समृद्धि और खुशहाली की कामना की।







रखी जाएगी धर्मशाला निर्माण की नींव

चल समारोह के पश्चात नगर सहित आसपास के गांवों से आए समाजजन मांगलिक भवन में एकत्रित हुए। यहां समाज के निर्माण समिति अध्यक्ष कन्हैयालाल परमार ने वार्षिक आय-व्यय का विवरण प्रस्तुत किया और आगामी योजनाओं की जानकारी दी। उन्होंने समाज के लिए बड़ी धर्मशाला निर्माण की योजना रखते हुए बताया कि जल्द ही इसकी नींव रखी जाएगी। प्रस्ताव का समाजजनों ने करतल ध्वनि से समर्थन किया।बैठक में मंदिर ट्रस्ट समिति के गठन पर सर्वसम्मति बनी। समाजजनों ने धार्मिक एवं सामाजिक गतिविधियों को आगे बढ़ाने तथा समाज के सामूहिक विकास के लिए मिलकर कार्य करने पर जोर दिया।

महाआरती के बाद हुआ सामूहिक भोज

कार्यक्रम के अंतिम चरण में चौहान परिवार ने आरती की सर्वाधिक बोली लगाकर सपरिवार गुरु टेकचंद जी महाराज की महाआरती की। आरती के दौरान पूरा वातावरण भक्तिमय हो गया। इसके पश्चात मांगलिक भवन में सामूहिक भोज आयोजित किया गया, जिसमें नगर सहित आसपास के गांवों से आए समाजजनों ने भोजन प्रसादी ग्रहण की।आयोजन में समाज के वरिष्ठजन, महिलाएं, युवा और बच्चे बड़ी संख्या में उपस्थित रहे। समाधि उत्सव ने समाज में धार्मिक आस्था, आपसी एकता और संगठन की भावना को मजबूत करने का संदेश दिया।



गौ माता बचेगी तभी सनातन व राष्ट्र बचेगा

शामगढ़/मंदसौर। गौ माता को राष्ट्र माता का दर्जा दिलाने, गौ हत्या पूर्णतः बंद करने और गौ माता की सुरक्षा के लिए राष्ट्रीय कानून बनाने की मांग को लेकर आगामी 4 दिसंबर 2026 को भोपाल में एक 'गौ सम्मान आह्वान अभियान' आयोजित होने जा रहा है। इस ऐतिहासिक आंदोलन में प्रदेशभर से दो लाख से अधिक गौ भक्त एकत्रित होंगे, जो मध्य प्रदेश के मुख्यमंत्री और महामहिम राज्यपाल को हस्ताक्षर पत्रक सौंपकर अपना ज्ञापन देंगे। इसी अभियान के प्रचार-प्रसार और जागरूकता के सिलसिले में क्षेत्र में पथमेड़ा गौशाला के संस्थापक सदस्य एवं आरएसएस के पूर्व प्रांत प्रचारक संत नंद बाबा प्रकाश नारायणजी गिरी महाराज ने आज शामगढ़ का दौरा किया। उन्होंने नगर परिषद अध्यक्षा कविता नरेंद्र यादव के निवास 'कविता सदन' पर आयोजित एक विशेष बैठक में उपस्थित गौ भक्तों और प्रबुद्ध नागरिकों को संबोधित किया। संत श्री नंद बाबा ने अपने ओजस्वी संबोधन में कहा, गौ माता बचेगी तभी सनातन एवं राष्ट्र बचेगा, और हम सभी बचेंगे। उन्होंने समाज से आह्वान किया कि गौ रक्षा केवल एक धार्मिक कार्य नहीं, बल्कि हमारे राष्ट्र और संस्कृति की रक्षा का मूल आधार है। हर सनातनी को इस अभियान से जुड़कर भोपाल की धरा पर अपनी उपस्थिति दर्ज करानी चाहिए।ॉ इस अवसर पर अभियान के विभाग संयोजक शंकरसिंह चौहान, गायत्री परिवार के सदस्य, स्थानीय जनप्रतिनिधि, मातृशक्ति और बड़ी संख्या में नगर के गणमान्य गौ भक्त उपस्थित रहे।

बार-बार जन्म मरण से बचना है तो पाप कर्म छोड़ो दो

मन्दसौर। मनुष्य भव में आने के पूर्व हमारी आत्मा कई शरीरों में भ्रमण कर चुकी है बार-बार जन्म मरण करना हमारी आत्मा की प्रवृत्ति है एसा हमने विचार बना रखा है लेकिन जो आत्मा पुण्य कर्म करती है तथा पाप कर्म करने से बचती है वह आत्मा मोक्ष गति पा लेती है तथा बार-बार जन्म मरण से बचना है तो हमें पाप कर्म की प्रवृत्ति छोड़नी पड़ेगी तथा पुण्य कर्म की और प्रवृत्त होना पड़ेगा। उक्त उद्गार प. पू. जैन संत मुनिराज श्री विरल विजयजी म.सा. आदि ठाणा 2 ने आराधना भवन नई आबादी में आयोजित धर्मसभा में कहे। आपने रविवार को यहां प्रवचन करते हुए कहा कि अनंतकाल से हम इस संसार रूपी भवसागर में बार-बार जन्म मरण करते हुए भटक रहे है कभी नरक गति, कभी तिर्यन्च गति, कभी निगोध गति में जाकर हमारी आत्मा कष्ट भोग चुकी है लेकिन उन कष्टों से भी हमने कुछ नहीं सीखा और हम अभी भी पाप की प्रवृत्ति में लगे है कई पुण्य कर्म के प्रभाव के कारण हमें मनुष्य गति मिली है इस मनुष्य गति में ही हम पाप की प्रवृत्ति से बचने का प्रण करे और पुण्य कर्म करे ताकि अगले भव में हमें नरक, त्रियन्च गति, निगोद्य गति में नहीं भटकना पड़े। जीवन में पाप की प्रवृत्ति से बचना है तो हमें पुण्य की प्रवृत्तियों से जुड़ना पड़ेगा हम प्रतिदिन मंदिर उपाश्रय जावे गुरु भगवंतों के दर्शन वंदन करे उनकी वाणी श्रवण करें।

शरद पूर्णिमा पर्व पर...

नागेश्वर पार्श्वनाथ तीर्थ धाम पर होंगे धार्मिक आयोजन आज

हरिभूमि न्यूज ⏭ नलखेड़ा



शरद पूर्णिमा पर्व पर ग्राम लालूखेड़ी में स्थित श्री नागेश्वर पार्श्वनाथ तारक तीर्थ धाम पर भगवान पार्श्वनाथजी का पूजन अभिषेक के साथ अन्य धार्मिक कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। नगर से 9 किलोमीटर दूर आमला नलखेड़ा मार्ग पर स्थित प्राचीन श्री जालेश्वर महादेव मंदिर प्रांगण में स्थित श्री नागेश्वर पार्श्वनाथ तीर्थ धाम पर शरद पूर्णिमा 26 अक्टूबर के दिन भगवान पार्श्वनाथ जी का पूजन अभिषेक का कार्यक्रम होगा। भगवान की आंगी रचना कर प्रभु भक्ति का कार्यक्रम भी होगा। दोपहर 2:30 बजे मंदिरजी में पार्श्वनाथ पंचकल्याणक पूजन,सांय 4.50 से स्वामीवात्सल्य कार्यक्रम होगा। पूजन हेम प्रभा महिला मंडल द्वारा पढ़ाई जावेगी। सम्पूर्ण आयोजन के लाभार्थी पार्श्व पूर्णिमा ग्रुप नलखेड़ा रहेगा। पूर्णिमा पर आयोजित इस आयोजन में समाज सहित आसपास के श्री संघ द्वारा भी भाग लिया जाएगा।

मां बगलामुखी मंदिर पर भी व्यवस्थाओं के प्रबंधन के लिए ट्रस्ट की करेंगे घोषणा

हरिभूमि न्यूज ⏭ नलखेड़ा

प्रदेश के कई प्रमुख मंदिरों अथवा धर्म स्थलों के प्रबंधन के लिए ट्रस्ट बने हुवे है जिससे वे वहां मूलभूत सुविधाओं को उपलब्ध करवाने के साथ ही निर्माण कार्य भी करवा सकते है।

ऐसे ही विश्व प्रसिद्ध सिद्धपीठ माँ बगलामुखी मंदिर के प्रबंधन के लिए भी एक ट्रस्ट बनाया जाना चाहिए। जिससे यहाँ की कई समस्याओं का हल हो सकता है। वर्तमान में यहाँ का प्रबंधन शासकीय माँ बगलामुखी मंदिर देव स्थान प्रबंध समिति देखती है जिसे सीमित अधिकार है जिसके कारण समस्याओं का निदान नही हो पाता है। कहने को तो नगर में स्थित विश्व प्रसिद्ध सिद्धपीठ माँ बगलामुखी मंदिर धार्मिक पर्यटन केंद्र है। लेकिन यहाँ दर्शनार्थियों को मूलभूत सुविधाएं भी उपलब्ध नही है जबकि यहाँ प्रतिदिन देशभर के साथ ही विदेशों से भी हजारों भक्त माता के दर्शनार्थ पहुंचते है। ऐसे में आज



सोमवार को प्रदेश के मुखिया डॉ मोहन यादव के सिद्धपीठ पर आगमन पर भक्तों को यह आस रहेगी कि माँ बगलामुखी मंदिर की व्यवस्थाओं के प्रबंधन हेतु ट्रस्ट बनाने की घोषणा करेंगे। प्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव को तत्काल ध्यान देकर उज्जैन सिहंस्थ 2028 के पूर्व माँ बगलामुखी मंदिर के प्रबंधन के लिए एक ट्रस्ट के गठन की कार्यवाही पूर्ण कर ट्रस्ट का गठन किये जाने की घोषणा की जाना चाहिए।

भाजपा नेताओं द्वारा की जाएगी आत्मीय अगवानी

मुख्यमंत्री डॉ यादव आज देवी लोक के तहत प्रथम चरण का करेंगे भूमि पूजन



हरिभूमि न्यूज ⏭ नलखेड़ा

मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव का आज मां बगलामुखी की नगरी में आगमन होगा। जहां उनके द्वारा माता रानी के दर्शन कर विशेष पूजा अर्चना की जाएगी तथा प्रस्तावित बगलामुखी देवी लोक के प्रथम चरण के अंतर्गत होने वाले 85 करोड़ 40 लाख के विभिन्न विकास कार्यों के लिए होने वाले भूमि पूजन कार्यक्रम में भी भाग लेंगे। सोमवार को नगर में प्रदेश के मुखिया डॉक्टर मोहन यादव का हेलीकॉप्टर के द्वारा आगमन होने जा रहा है। यादव का हेलीकॉप्टर स्थानीय नई कृषि उपज मंडी प्रांगण मैं प्रशासन द्वारा बनाए गए हेलीपैड पर उतरेगा। जहां भाजपा के वरिष्ठ पदाधिकारियों के साथ वरिष्ठ प्रशासनिक तथा पुलिस अधिकारियों द्वारा मुख्यमंत्री का आत्मीय अभिनंदन कर स्वागत किया जाएगा। बताया जा रहा है कि यहां से मुख्यमंत्री कार द्वारा मां बगलामुखी मंदिर पहुंचेंगे जहां माता रानी के दर्शन कर प्रदेश की सुख समृद्धि एवं खुशहाली की कामना करते हुए विशेष पूजा अर्चना करेंगे। मुख्यमंत्री डॉ यादव मंदिर के समीपवर्ती मैदान पर मां बगलामुखी देवी लोक के प्रथम चरण के अंतर्गत होने वाले 85.40 करोड रुपए के विभिन्न विकास कार्यों का भूमि पूजन करेंगे। बताया जाता है विश्व प्रसिद्ध सिद्धपीठ माँ बगलामुखी मंदिर पर देवी लोक के अंतर्गत प्रथम चरण में मूलभूत सुविधाएं उपलब्ध करवाने के लिए विभिन्न विकास कार्यो के टेंडर गत अगस्त माह में जारी किए गए थे। इन कार्यों की लागत 85 करोड़ 40 लाख रुपये बताई जा रही है। विश्व प्रसिद्ध माँ बगलामुखी मंदिर जो कि तीन मुखों वाली त्रिशक्ति बगलामुखी देवी को समर्पित है, लखुंदर नदी के किनारे नलखेड़ा, जिला आगर-मालवा में स्थित है। मान्यता है कि द्वापर युग से चला आ





रहा यह मंदिर अत्यंत चमत्कारिक है तथा इसकी स्थापना महाभारत में विजय के उद्देश्य से भगवान श्रीकृष्ण की सलाह पर युधिष्ठिर ने की थी।

प्रथम चरण के प्रस्तावित विभिन्न विकास कार्य

मध्यप्रदेश शासन द्वारा स्वीकृत देवी लोक का निर्माण लगभग 20 हेक्टेयर भूमि पर वृहद स्तर पर भव्यता एवं वास्तुशास्त्र के अनुसार किया जा रहा है। प्रारंभिक प्राक्कलन अनुसार प्रथम चरण के कार्यों के लिए लगभग 85.40 करोड़ स्वीकृत किए गए है। प्रथम चरण में मुख्य मंदिर गर्भगृह एवं सुपर स्ट्रक्चर, मुख्य मंदिर कॉरिडोर के भव्य प्रवेश एवं निकास द्वार, प्रसाद शॉप जोन के साथ शू स्टैंड, हैंड वॉश एवं मोबाइल डिपॉजिट जोन, पब्लिक अमेनिटीज के तहत टॉयलेट ब्लॉक एवं पार्किंग टॉयलेट ब्लॉक, घाट डेवलपमेंट, वैदिक परंपराओं के अनुरूप विशाल यज्ञ शाला, ड्राइव-वे/रोड निर्माण, साइट लेवलिंग, फिलिंग एवं कम्पैक्शन, विभिन्न प्रकार की बाउंड्री वॉल, प्रोटोकॉल बिल्डिंग, विद्यमान शिव मंदिर क्रमांक 1 एवं 2 का जीर्णोद्धार तथा 18 मीटर, 12 मीटर एवं 9 मीटर चौड़े भव्य प्रवेश द्वारों का निर्माण कार्य किया जाना प्रस्तावित है। इस भव्य निर्माण कार्य में मंदिर कॉरिडोर के भव्य प्रवेश द्वार, विशाल यज्ञ शाला, वाहनों हेतु पार्किंग व्यवस्था, सुंदर घाट निर्माण, प्रसाद काउंटर, पब्लिक सुविधाघर एवं सड़क निर्माण जैसे प्रमुख कार्य सम्मिलित हैं। देवी लोक के निर्माण से नलखेड़ा में धार्मिक पर्यटन को नई गति मिलेगी तथा श्रद्धालुओं को सर्वसुविधायुक्त दर्शन व्यवस्था प्राप्त हो सकेगी।

मुख्यमंत्री के नलखेड़ा कार्यक्रम की तैयारी का कलेक्टर डॉ. मीना ने लिया जायजा



नलखेड़ा। प्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव सोमवार को दोपहर में नलखेड़ा पहुंचकर शासन द्वारा स्वीकृत मां बगलामुखी देवी लोक के तहत 85.40 करोड़ रुपये की लागत के विभिन्न विकास एवं निर्माण कार्यों का भूमि-पूजन करेंगे। मुख्यमंत्री के प्रस्तावित कार्यक्रम की तैयारियों को लेकर कलेक्टर डॉ. शेर सिंह मीना ने रविवार को सुबह नलखेड़ा पहुंचकर मंदिर परिसर के समीप प्रस्तावित कार्यक्रम स्थल का निरीक्षण किया। कलेक्टर ने सभा पंडाल निर्माण, भूमि-पूजन कार्यक्रम की तैयारी, मंच निर्माण, कार्यक्रम में सहभागिता करने वाले विशिष्ट जनों, जनप्रतिनिधियों, प्रेस जगत - मीडिया के साथियों, ग्रामीण जनों, महिला एवं पुरुषों के लिए पृथक-पृथक सेक्टर निर्माण कर उनकी बैठक व्यवस्था, अस्थाई सुविधाघर की व्यवस्था सहित कार्यक्रम के सफल आयोजन के संबंध में सभी आवश्यक प्रबंध सुनिश्चित करने के लिए संबंधित अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिए। तथा मौके पर उक्त व्यवस्थाओं का अवलोकन कर जायजा लिया। कलेक्टर ने नगर पालिका कार्यालय नलखेड़ा से वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से सभी अधिकारियों से संवाद कर मुख्यमंत्री कार्यक्रम की तैयारी के संबंध में सौंपे गए दायित्वों के निर्वहन की प्रगति की समीक्षा की। कलेक्टर ने सभी अधिकारियों को मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के सोमवार को नलखेड़ा कार्यक्रम में अधिकाधिक हितग्राहियों एवं क्षेत्र के ग्रामीणों की सहभागिता सुनिश्चित करने के निर्देश दिए।

खबर संक्षेप

प्रतिबंधित पॉलिथीन बेचने पर कार्रवाई की

देवास। निगम आयुक्त दलीप कुमार के निर्देशन में प्रतिबंधित पॉलिथीन के उपयोग पर रोक लगाने हेतु नगर निगम द्वारा निरंतर कार्यवाही की जा रही है। इसी कड़ी में रविवार को सब्जी मंडी में अमानक पॉलिथीन बेचते हुए अमीन नामक व्यक्ति को निगम स्वच्छता निरीक्षक द्वारा पकड़ा गया। मानक स्तर से कम पॉलिथीन प्रतिबंधित होने से पकड़े गए व्यक्ति के विरूद्ध नियमानुसार कार्यवाही कर जप्ती की गई।यह कार्यवाही निगम मुख्य स्वच्छता निरीक्षक रवि गोयल एवं उनकी टीम द्वारा की गई। निगम आयुक्त ने सभी छोटे-बड़े व्यवसायियों से अपील की है कि प्रतिबंधित पॉलिथीन का उपयोग न करें तथा स्वच्छता एवं पर्यावरण को सुव्यवस्थित बनाए रखने में सहयोग प्रदान करें।

राजानी उड़ीसा के पांच जिलों के ऑब्जर्वर बने

देवास। कांग्रेस नेता प्रदेश कांग्रेस के उपाध्यक्ष मनोज राजानी को अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी द्वारा वोट बचाओ देश बनाओ अभियान को चलने के लिए उड़ीसा के पांच जिले सोनीपुर, नुआ पाड़ा, सोलापुर, बलांगीर, बौद्ध, कालाहांडी का आब्जर्वर नियुक्त किया। राजानी की नियुक्ति पर कांग्रेस जनों ने हर्ष व्यक्त करते हुए मल्लिकार्जुन खड़गे राहुल गांधी का आभार व्यक्त किया।

दड़ गांव में तेज रफ्तार कार ने मचाया मौत का तांडव, तीन की जान गई

सड़क किनारे दो महिलाओं और घर के बाहर बैठे बुजुर्ग को रौंदा, घटना सीसीटीवी में कैद

रविवार सुबह करीब 11 बजे हुआ हादसा, घटना के बाद क्षेत्र में अफरा-तफरी मची

हरिभूमि न्यूज ⏭ देवास

जिले के उदयनगर थाना क्षेत्र में रविवार सुबह एक दर्दनाक सड़क हादसे में तीन लोगों की मौत हो गई। दड़ गांव के पास तेज रफ्तार कार अनियंत्रित होकर सड़क किनारे खड़ी दो महिलाओं को टक्कर मारने के बाद घर के बाहर कुर्सी पर बैठे 80 वर्षीय बुजुर्ग को रौंदते हुए पेड़ से जा टकराई। हादसे में एक महिला की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि दूसरी महिला और बुजुर्ग ने अस्पताल में उपचार के दौरान दम तोड़ दिया। घटना के बाद क्षेत्र में अफरा-तफरी मच गई। पुलिस ने कार चालक धर्मेंद्र जैन को हिरासत में लेकर जांच शुरू कर दी है। हादसे का सीसीटीवी फुटेज भी सामने आया है, जिसमें कार की तेज रफ्तार और टक्कर के बाद की स्थिति दिखाई दे रही है।

जानकारी अनुसार, रविवार सुबह करीब 11 बजे दड़ गांव के पास यह हादसा हुआ। इंदौर के रेसकोर्स रोड क्षेत्र के रहने वाले कुछ लोग कार से पिकनिक मनाने उदयनगर की ओर आए थे। इसी दौरान उनकी कार दड़ गांव के पास तेज रफ्तार में जा रही थी। बताया जा रहा है कि चालक कार पर नियंत्रण खो बैठा और गाड़ी सड़क किनारे खड़ी दो महिलाओं को टक्कर मारते हुए आगे बढ़ गई। कार की चपेट में आने से मनीबाई और जमुनाबाई गंभीर रूप से घायल हो गईं। इसके बाद बेकाबू कार घर के बाहर धूप सेंक रहे 80 वर्षीय शंकर को टक्कर मारते हुए पेड़ से जा भिड़ी। अचानक



हुए इस हादसे से आसपास मौजूद लोगों में हड़कंप मच गया। स्थानीय लोगों ने घायलों को अस्पताल पहुंचाने में मदद की। उपचार के दौरान बुजुर्ग और महिला की मौत

हादसे में जान गंवाने वालों की पहचान

देवनालिया-जूनापानी क्षेत्र निवासी शंकर (80), मनीबाई (40) और जमुनाबाई (45) के रूप में हुई है। जानकारी के मुताबिक, एक महिला ने घटनास्थल पर ही दम तोड़ दिया था, जबकि गंभीर रूप से घायल दूसरी महिला और बुजुर्ग को उपचार के लिए अस्पताल ले जाया गया। उपचार के दौरान दोनों की भी मौत हो गई। एक ही हादसे में तीन लोगों की मौत से मृतकों के परिवारों में शोक का माहौल है। गांव में भी घटना को लेकर दुख और आक्रोश देखा गया।



सीसीटीवी फुटेज में कैद हुई पूरी घटना

हादसे का सीसीटीवी फुटेज सामने आया है। फुटेज में सफेद रंग की कार तेज गति से आती दिखाई देती है। इसके बाद कार सड़क किनारे मौजूद लोगों को टक्कर मारते हुए पेड़ से टकरा जाती है। बताया जा रहा है कि हादसे के समय कार की रफ्तार करीब 100 किलोमीटर प्रति घंटा थी। हालांकि, वास्तविक गति की पुष्टि जांच के बाद ही हो सकेगी। टक्कर इतनी जोरदार थी कि आसपास बनी झुग्गियों को भी नुकसान पहुंचा। सड़क किनारे लगे तीन से चार खंभे भी क्षतिग्रस्त होने की जानकारी सामने आई है। हादसे में कार चालक भी घायल हुआ था।

वाहन चेकिंग में पकड़ा गया मोटरसाइकिल चोर

धारदार चाकू भी किया बरामद



हरिभूमि न्यूज ⏭ देवास

सिविल लाइन थाना पुलिस ने वाहन चेकिंग के दौरान मोटरसाइकिल चोरी के मामले का खुलासा करते हुए एक आरोपी को गिरफ्तार किया है। आरोपी के कब्जे से चोरी की हीरो पैशन प्रो मोटरसाइकिल और लोहे का धारदार चाकू बरामद किया गया है। जब्त संपत्ति की कुल कीमत करीब 80 हजार 200 रुपए बताई गई है। पुलिस के अनुसार, 22 अक्टूबर 2026 को इंडियन कॉफी हाउस के सामने से मोटरसाइकिल चोरी होने की शिकायत मिली थी। इस पर सिविल लाइन थाने में प्रकरण दर्ज कर जांच शुरू की गई।एसपी पुनीत गेहलोत के निर्देश पर थाना प्रभारी विजय सिंह लोधी के नेतृत्व में टीम ने ऑपरेशन त्रिनेत्र के तहत सीसीटीवी फुटेज खंगाले और मुखबिर तंत्र सक्रिय किया।इसी दौरान सूचना मिली कि चोरी की बाइक पर एक संदिग्ध मेंढकी की ओर जा रहा है। पुलिस ने चाणक्यपुरी रेलवे क्रॉसिंग के पास वाहन चेकिंग शुरू की। संदिग्ध को रोककर तलाशी लेने पर उसकी जेब से धारदार चाकू मिला।

पूछताछ में उसने आईसीएच के सामने से मोटरसाइकिल चोरी करना स्वीकार किया। पुलिस ने आरोपी शक्तिसिंह उर्फ विजय पंवार (32), निवासी देवास, को गिरफ्तार कर मोटरसाइकिल और चाकू जब्त किया। आरोपी को न्यायालय में पेश किया गया है। कार्रवाई में थाना प्रभारी विजय सिंह लोधी सहित पुलिस टीम की महत्वपूर्ण भूमिका रही।

कांग्रेस ने प्रेसवार्ता आयोजित कर चुनाव आयोग पर लगाए आरोप

हरिभूमि न्यूज ⏭ देवास



महाराष्ट्र के उपनेता प्रतिपक्ष अमीन पटेल ने भाजपा और चुनाव आयोग पर निशाना साधते हुए आरोप लगाया कि नागरिकों को संविधान द्वारा दिए गए मतदान के अधिकार से वंचित करने के प्रयास किए जा रहे हैं। उन्होंने दावा किया कि पिछले कुछ वर्षों में जिन राज्यों में भाजपा की सरकारें बनीं, वहां चुनावों में अनियमितताएं हुई हैं। पटेल देवास में कांग्रेस पर्यवेक्षक के रूप में आयोजित प्रेसवार्ता को संबोधित कर रहे थे। पटेल ने कहा कि चुनाव आयोग पर लगाए जा रहे आरोप केवल आरोप नहीं, बल्कि सच्चाई हैं। उन्होंने बताया कि 1 नवंबर को नई दिल्ली के रामलीला मैदान में राहुल गांधी के नेतृत्व में विरोध रैली आयोजित करने की तैयारी है। इसमें देवास सहित मध्यप्रदेश और देश के विभिन्न हिस्सों से कांग्रेस कार्यकर्ताओं के शामिल होने का दावा किया गया है। उन्होंने कहा कि आयोग भाजपा के पक्ष में काम कर रहा है। वर्मा ने कहा कि जब चुनाव आयोग से सवाल पूछे जाते हैं, तो भाजपा के नेता सामने आकर जवाब देने लगते हैं। प्रेसवार्ता के दौरान जिला संगठन प्रभारी विनय बाकलीवाल, सुरेंद्र सिंह शेरा भैया, जिला शहर कांग्रेस अध्यक्ष प्रयास गौतम और जिला ग्रामीण कांग्रेस अध्यक्ष मनीष चौधरी सहित अन्य पदाधिकारी उपस्थित रहे।

पुलिस जवान ने रक्तदान कर बचाई बालिका की जान

हरिभूमि न्यूज ⏭ देवास



पुलिस की भूमिका केवल कानून-व्यवस्था बनाए रखने तक सीमित नहीं है, बल्कि जरूरत के समय मानवता के साथ लोगों की मदद करना भी इसका अहम हिस्सा है। देवास पुलिस के एक जवान ने रक्तदान कर मानवता की मिसाल पेश की।जानकारी अनुसार, देवास के निजी संस्कार अस्पताल में एक बालिका भर्ती है। बच्ची को रक्त की आवश्यकता थी। ऐसे में उसके परिजन अनजान शहर में रक्त की व्यवस्था करने के लिए इधर-उधर भटक रहे थे। परिवार के सामने बच्ची के उपचार के लिए समय पर रक्त उपलब्ध कराने की चुनौती थी।

इसी दौरान देवास में पदस्थ मध्यप्रदेश पुलिस के जवान उदय प्रताप सिंह चौहान को बालिका के लिए रक्त की जरूरत होने की जानकारी मिली। उन्होंने बिना देर किए अस्पताल पहुंचकर रक्तदान किया। उनके इस मानवीय प्रयास से बच्ची के उपचार के लिए रक्त उपलब्ध हो सका। मुश्किल समय में जब परिवार को मदद की जरूरत थी, तब पुलिस जवान ने आगे आकर अपनी जिम्मेदारी और संवेदनशीलता का परिचय दिया। उनके इस कार्य की सराहना की जा रही है।

आज आयोजित होगा अखिल भारतीय कवि सम्मेलन



देवास। 90 वीं दशहरा कृषिकला एवं औद्योगिक प्रदर्शनी मीना बाजार में सांस्कृतिक कार्यक्रमों की कड़ी में नगर निगम देवास द्वारा अखिल भारतीय कवि सम्मेलन सोमवार को आयोजित होगा। महापौर गीता दुर्गेश अग्रवाल ने बताया कि अखिल भारतीय कवि सम्मेलन स्थानीय पुलिस ग्राउंड स्थित मीना बाजार मंच पर आयोजित किया जाएगा। महापौर ने बताया कि कवि सम्मेलन में देश के ख्यातनाम कवि अपनी प्रस्तुति देंगे। जिसमें आमंत्रित कविगण देश की सुप्रसिद्ध कवयित्री डॉ. अनामिका जैन अंबर मेरठ (उ.प्र.), हास्य-व्यंग्य कवि सुदीप भोला नई दिल्ली, गीतकार महेन्द्र मधुर आष्टा, हास्य कवि चेतन चर्चित मुंबई, ओजस्वी गीतकार देवकृष्ण व्यास देवास एवं मालवी हास्य कवि नंद किशोर अकेला आलोट अपनी रचना प्रस्तुत करेंगे। कार्यक्रम का संचालन सुप्रसिद्ध सबरस कवि शशिकांत यादव 'शशि' देवास करेंगे।

सोनकच्छ में संघ के तीन पथ संचलनों का हुआ त्रिवेणी संगम जगह-जगह हुआ स्वागत



हरिभूमि न्यूज ⏭ सोनकच्छ

राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के विजयादशमी उत्सव के तहत रविवार को सोनकच्छ में तीन बस्तियों के पथ संचलन निकाले गए। महाराणा प्रताप, छत्रपति शिवाजी और राजाभाऊ महाकाल बस्ती के स्वयंसेवक पूर्ण गणवेश में अनुशासित कदमताल करते हुए नगर के प्रमुख मार्गों से निकले। तीनों संचलनों का बस स्टैंड पर त्रिवेणी संगम हुआ।

महाराणा प्रताप बस्ती का संचलन कृषि उपज मंडी से प्रारंभ हुआ। यहां मुख्य वक्ता देवास विभाग के बौद्धिक शिक्षण प्रमुख संदीप राठौड़ ने कहा कि राष्ट्र की उन्नति के लिए सामाजिक एकता, पारस्परिक सद्भाव और नागरिक कर्तव्यों के प्रति जागरूकता जरूरी है। कार्यक्रम मे सतीश चंद्र तिवारी, मनमीत सिंह छाबड़ा और सुरेश सोलंकी उपस्थित रहे।

छत्रपति शिवाजी बस्ती का एकत्रीकरण भानु प्रताप कॉलोनी में हुआ। यहां मुख्य वक्ता देवास जिला संपर्क प्रमुख प्रबल जाधव रहे। उनके साथ सुभाष गुप्ता और अनिल विश्वकर्मा उपस्थित रहे। वहीं, राजाभाऊ महाकाल बस्ती का एकत्रीकरण सांवरिया धाम कॉलोनी में हुआ। यहां जिला बौद्धिक प्रमुख सुरेश जायसवाल ने मार्गदर्शन दिया। इस दौरान वैभव शर्मा और नितेश जाधव मंचासीन रहे।

बचपन के साथ पचपन ने भी दी परीक्षा

हरिभूमि न्यूज ⏭ बागली



शिक्षा की कोई उम्र नहीं होती, इस बात को बागली ब्लॉक में आयोजित उल्लास नवभारत साक्षरता परीक्षा में नवसाक्षरों ने साबित किया। यहां बचपन से लेकर बुजुर्गों तक में पढ़ने-लिखने का उत्साह देखने को मिला। शनिवार को सुबह 10 से शाम 4 बजे तक आयोजित परीक्षा में ब्लॉक के करीब 7 हजार नवसाक्षरों ने सहभागिता की। परीक्षा के लिए 340 सामाजिक चेतना केंद्र बनाए गए थे। जिला प्रौढ़ शिक्षा समन्वयक शैलेश पाटीदार के निर्देशन में परीक्षा आयोजित की गई। परीक्षा के दौरान 63 वर्षीय देवकाबाई अपने तीन वर्षीय दूधमुंहे पौत्र के साथ केंद्र पर पहुंचीं। उनका उत्साह देखकर अन्य नवसाक्षरों का भी मनोबल बढ़ा। इस अवसर पर संकुल सहसमन्वयक वारिस अली, जनशिक्षक योगेश तिवारी, शीला चावड़ा और नेहा श्रीवास्तव सहित शिक्षकों ने पुष्पगुच्छ भेंट कर नवसाक्षरों का सम्मान किया। पूरे ब्लॉक में परीक्षा की व्यवस्थाओं और निगरानी की जिम्मेदारी ब्लॉक समन्वयक सुभाष मालवीय, बीआरसी आशीष सिसोदिया, जनशिक्षकों और संकुल सहसमन्वयकों ने संभाली।

सेन थॉम को मिला प्रथम स्थान, ट्रांसफॉर्मेशनल लीडर अवॉर्ड के लिए स्कूल निदेशिका का चयन

हरिभूमि न्यूज ⏭ देवास



सेन थॉम एकेडमी, भोपाल रोड, देवास ने प्रतिष्ठित एजुकेशनवर्ल्ड इंडिया स्कूल रैंकिंग्स 2026–27 में को-एड डे स्कूल श्रेणी के अंतर्गत देवास में प्रथम स्थान प्राप्त कर एक उल्लेखनीय उपलब्धि हासिल की है। ग़ौरतलब है कि विद्यालय को लगातार चौथे वर्ष यह सम्मान प्रदान किया गया है। इस गौरवपूर्ण उपलब्धि के साथ ही, सेन थॉम ग्रुप ऑफ स्कूल्स की निदेशिका हैंसी थॉमस को भारत में K–12 शिक्षा के स्तर को निरंतर उन्नत बनाने में उनके उल्लेखनीय योगदान के लिए एजुकेशनवर्ल्ड द्वारा प्रतिष्ठित 'ट्रांसफॉर्मेशनल लीडर अवॉर्ड' हेतु चयनित किया गया है। एजुकेशनवर्ल्ड इंडिया स्कूल रैंकिंग्स देश के सबसे व्यापक विद्यालय रैंकिंग सर्वेक्षणों में से एक है। यह सर्वेक्षण देशभर में विद्यालयी शिक्षा से जुड़े 18,000 से अधिक जानकार हितधारकों के साथ किए गए प्रत्यक्ष साक्षात्कारों पर आधारित है।

'ट्रांसफॉर्मेशनल लीडर अवॉर्ड' उन शिक्षाविदों एवं शिक्षा-नेताओं को प्रदान किया जाता है, जो नवाचार, दूरदर्शी नेतृत्व तथा विद्यार्थियों की सफलता और शैक्षणिक उत्कृष्टता के प्रति दृढ़ प्रतिबद्धता के माध्यम से शिक्षा के भविष्य को नई दिशा प्रदान कर रहे हैं। सेन थॉम ग्रुप ऑफ स्कूल्स का नेतृत्व कर रहीं हैंसी थॉमस ने गुणवत्तापूर्ण शिक्षा तथा निरंतर प्रगति की संस्कृति विकसित करने में महत्त्वपूर्ण भूमिका निभाई है। इस समूह में सेन थॉम एकेडमी, भोपाल रोड तथा सेन थॉम पब्लिक स्कूल, बद्रीधाम नगर सम्मिलित हैं।विद्यालय के अध्यक्ष सुनील थॉमस ने हैंसी थॉमस एवं संपूर्ण विद्यालय परिवार को इस गौरवपूर्ण उपलब्धि पर हार्दिक बधाई दी। उन्होंने सभी के समर्पण, दूरदर्शी नेतृत्व तथा उत्कृष्टता के प्रति अटूट प्रतिबद्धता की सराहना की। ये प्रतिष्ठित सम्मान विद्यालय के आदर्श वाक्य "लीड टू हेड" के प्रति उसकी प्रतिबद्धता को और अधिक सुदृढ़ करते हैं।

धाकड़ महासभा की राष्ट्रीय कार्यसमिति की बैठक कल होगी आयोजित

हरिभूमि न्यूज ⏭ देवास/भौरासा

अखिल भारतीय श्री धाकड़ महासभा भारतवर्ष की राष्ट्रीय कार्यसमिति की बैठक एवं दशहरा मिलन समारोह का आयोजन मंगलवार को भोपाल रोड स्थित स्वास्तिक मैरिज गार्डन में आयोजित होगा।

अखिल भारतीय श्री धाकड़ महासभा युवा संघ के जिलाध्यक्ष नितेश धाकड़ ने बताया कि कार्यक्रम के मुख्य अतिथि पूर्व जिला न्यायाधीश करण सिंह भंडारी, राष्ट्रीय संत इंदर सिंह नागर, महासभा के पूर्व राष्ट्रीय अध्यक्ष उमानारायण पटेल और राष्ट्रीय संगठन महामंत्री समंदर पटेल होंगे। कार्यक्रम की अध्यक्षता महासभा के राष्ट्रीय अध्यक्ष तुलसीराम धाकड़ करेंगे।

अति विशिष्ट अतिथियों में डॉ. रूप सिंह नागर, युवा संघ के राष्ट्रीय अध्यक्ष संजय नन्देड़ा, विक्रम सिंह मल्हार, जगदीश सिंह गालोदिया, कृष्णा मंडलोई, सवाई सिंह नागर, अंतर सिंह भंडारी, निर्भय सिंह नागर, इंदर सिंह धाकड़ और मदन सिंह धाकड़ सहित अन्य समाजजन शामिल होंगे।कार्यक्रम में मध्यप्रदेश, राजस्थान और उत्तर प्रदेश के महासभा एवं युवा संघ के प्रदेश अध्यक्षों के साथ महिला इकाई की पदाधिकारी भी विशेष रूप से उपस्थित रहेंगी।

जिला शहर एवं ग्रामीण कांग्रेस कमेटी की बैठक संपन्न

कलेक्टर कार्यालय पर कांग्रेस का प्रदर्शन कल

हरिभूमि न्यूज ⏭ देवास



वोट चोरी और एसआईआर में कथित गड़बड़ियों के विरोध में आगामी 1 नवंबर को नई दिल्ली के रामलीला मैदान में राहुल गांधी के नेतृत्व में विरोध रैली आयोजित की जाएगी। वहीं, देवास के चंदाना और बिंजाना गांवों में जहरीली शराब से हुई मौतों के विरोध में 27 अक्टूबर को कलेक्टर कार्यालय पर प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष जीतू पटवारी के नेतृत्व में प्रदर्शन किया जाएगा। इन कार्यक्रमों की तैयारियों को लेकर देवास के एक निजी गार्डन में जिला कांग्रेस की बैठक आयोजित की गई।

देवास जिला शहर कांग्रेस अध्यक्ष प्रयास गौतम और जिला ग्रामीण कांग्रेस अध्यक्ष मनीष चौधरी के नेतृत्व में हुई बैठक में दोनों कार्यक्रमों की तैयारियों और संगठन की भूमिका पर चर्चा की गई। कांग्रेस प्रवक्ता हारिस गजधर ने बताया कि बैठक में विशेष अतिथि के रूप में महाराष्ट्र विधानसभा में उपनेता प्रतिपक्ष एवं कांग्रेस पर्यवेक्षक आमिन पटेल, पूर्व मंत्री सज्जन सिंह वर्मा, देवास संगठन प्रभारी विनय बाकलीवाल, सुरेंद्र सिंह शेरा भैया, कैलाश कुंडल, राजेंद्र मालवीय और मनोज राजानी उपस्थित रहे।बैठक को ब्लॉक अध्यक्ष सौदान सिंह पंवार, गोपीकृष्ण व्यास, गुरुचरण सिंह सलूजा, भगवान सिंह चावड़ा, ज्ञानसिंह दरबार, किशोर चौहान, विश्वजीत सिंह चौहान, रूपेश कल्याणे, नरेंद्र यादव लल्ला, कविता वर्मा एडवोकेट और साधना प्रजापति सहित अन्य नेताओं ने संबोधित किया।इस दौरान कांग्रेस नेताओं ने आगामी कार्यक्रमों में कार्यकर्ताओं की भागीदारी सुनिश्चित करने और संगठनात्मक तैयारियों को लेकर विचार-विमर्श किया।

बैठक में जितेंद्र सिंह गौड़, सुजीत सांगते, अकरम खान, राजा पडियार, आरिफ मेव, इम्तियाज शेख भल्लू, शाहजी हाशमी, गुलाब सिंह ठाकुर, वीरेंद्र परदेसी सहित बड़ी संख्या में कांग्रेस पदाधिकारी और कार्यकर्ता मौजूद रहे।अंत में संगठन महासचिव जाहिद पठान ने आभार व्यक्त किया।

नगर में संघ ने निकाला पथ संचलन

हरिभूमि न्यूज ⏭ भौरासा



राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ द्वारा विजयादशमी उत्सव के अंतर्गत भौरासा नगर में पथ संचलन निकाला गया। पूर्ण गणवेश में स्वयंसेवकों ने अनुशासित कदमताल करते हुए नगर के प्रमुख मार्गों से संचलन निकाला। कार्यक्रम की शुरुआत भारत माता एवं शस्त्र पूजन और ध्वज प्रणाम के साथ हुई। इसके बाद पथ संचलन सरस्वती विद्या मंदिर से प्रारंभ हुआ, जो एमजी रोड, बड़ा हनुमान चौक, रपट, छोटा हनुमान चौक, बस स्टैंड, टंकी चौराहा, कुमावत मोहल्ला सहित नगर के विभिन्न मार्गों से होते हुए पुनः सरस्वती विद्या मंदिर परिसर पहुंचकर संपन्न हुआ। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि देवास विभाग के सह प्रचार प्रमुख प्रकाश व्यास ने बौद्धिक उद्बोधन में राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ की स्थापना और उसके उद्देश्यों के बारे में जानकारी दी। पथ संचलन के दौरान प्रशासन भी मुस्तैद रहा। भौरासा नायब तहसीलदार जागृति जाट और थाना प्रभारी अनीता सिंह पुलिस बल के साथ व्यवस्था संभालते हुए आगे मौजूद रहीं।

मतदेय स्थलों के समायोजन पर डीएम ने राजनीतिक दलों के साथ की बैठक

राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों के साथ ईवीएम वेयरहाउस की सुरक्षा परखी

विधानसभा 2027 में चुनाव पूर्व तैयारी में जुटा प्रशासन

हरिभूमि न्यूज ⏭ ललितपुर



विधानसभा निर्वाचन क्षेत्रों में मतदेय स्थलों के सम्भाजन एवं समायोजन की प्रक्रिया को पारदर्शी और व्यवस्थित बनाने के लिए जिलाधिकारी एवं जिला निर्वाचन अधिकारी सत्य प्रकाश की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार में बैठक आयोजित की गई।

भारत निर्वाचन आयोग के दिशा-निर्देशों के क्रम में आयोजित बैठक में मतदेय स्थलों के पुनर्गठन से संबंधित प्रस्तावों पर चर्चा की गई। इस दौरान राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों से सुझाव और आपत्तियां भी आमंत्रित की गईं। बैठक के बाद डीएम ने राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों के साथ ईवीएम वेयरहाउस का निरीक्षण कर सुरक्षा व्यवस्थाओं का जायजा लिया। बैठक में जिला निर्वाचन अधिकारी ने जनप्रतिनिधियों और मान्यता प्राप्त राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों के साथ विधानसभा निर्वाचन क्षेत्रों के मतदेय स्थलों के सम्भाजन एवं समायोजन के प्रस्तावों पर विस्तार से चर्चा की। उन्होंने कहा कि निर्वाचन प्रक्रिया को स्वतंत्र, निष्पक्ष और पारदर्शी बनाने के लिए सभी संबंधित पक्षों के सुझाव महत्वपूर्ण हैं। प्रतिनिधियों से प्राप्त आपत्तियों एवं सुझावों का परीक्षण कर नियमानुसार निस्तारण किया जाएगा।

जिला निर्वाचन अधिकारी ने सभी रिटर्निंग अफसरों (आरओ) को निर्देश दिए कि वे अपने-अपने विधानसभा क्षेत्रों में बूथ लेवल अधिकारियों के लिए विशेष एवं गहन प्रशिक्षण शिविर आयोजित कराएं। प्रशिक्षण के दौरान बीएलओ को भारत निर्वाचन आयोग की नवीनतम गाइडलाइंस, तकनीकी एप्स के उपयोग, घर-घर जाकर मतदाता सत्यापन करने की प्रक्रिया और मतदाता सूची के शुद्धिकरण से जुड़े तकनीकी पहलुओं की जानकारी दी जाए। उन्होंने कहा कि निर्वाचन संबंधी कार्यों में किसी प्रकार की त्रुटि न हो, इसके लिए बीएलओ को उनके दायित्वों और निर्धारित प्रक्रियाओं के बारे में स्पष्ट जानकारी होना आवश्यक है। डीएम ने अधिकारियों और बीएलओ को निर्वाचन आयोग के निर्देशों का शत-प्रतिशत अनुपालन सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। उन्होंने स्पष्ट किया कि मतदाता सूची के पुनरीक्षण और मतदेय स्थलों के समायोजन से जुड़े कार्यों में किसी भी प्रकार की शिथिलता, लापरवाही या अनियमितता बर्दाश्त नहीं की जाएगी। दायित्वों के निर्वहन में लापरवाही पाए जाने पर संबंधित बीएलओ के खिलाफ नियमानुसार दंडात्मक एवं अनुशासनात्मक कार्रवाई की जाएगी। बैठक के समापन के बाद जिलाधिकारी सत्य प्रकाश ने मान्यता प्राप्त राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों के साथ ईवीएम वेयरहाउस का बाहरी निरीक्षण किया। इस दौरान भारत निर्वाचन आयोग के निर्धारित मानकों के अनुरूप सुरक्षा व्यवस्थाओं का जायजा लिया गया। निरीक्षण में त्रिस्तरीय सुरक्षा व्यवस्था, सीसीटीवी सर्विलांस, अग्निशमन तंत्र और सुरक्षा बलों की तैनाती की जांच की गई।

डीएम ने सुरक्षा में तैनात अधिकारियों को आयोग के सभी मानकों और दिशा-निर्देशों का कड़ाई से पालन सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। इस दौरान श्रीकांत कुशवाहा, रविन्द्र सिंह एवं विनोद राजपूत, आम आदमी पार्टी जिलाध्यक्ष हरदयाल सिंह लोधी, बहुजन समाज पार्टी जिलाध्यक्ष जानकी प्रसाद, भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस के प्रतिनिधि दयाराम रजक (डीजीसी), समाजवादी पार्टी के जिलाध्यक्ष नेपाल सिंह यादव तथा अपना दल (सोनेलाल) के जिला महासचिव सोहन लाल निरंजन उपस्थित रहे।

जिला निर्वाचन अधिकारी के पुनरीक्षण के निर्देश

मतदाता सूची में नाम जुड़वाने के लिए जिले के सभी 1156 बूथों पर लगा कैंप

18 वर्ष की आयु पूरी कर चुके युवाओं से फॉर्म-6 भरने की अपील

हरिभूमि न्यूज ⏭ ललितपुर



भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार विशेष प्रगाढ़ पुनरीक्षण-2026 के तहत शनिवार को जनपद के सभी 1156 मतदान केंद्रों पर विशेष अभियान चलाकर मतदाता सूची में नए नाम जोडऩे और संशोधन की प्रक्रिया पूरी की गई। सुबह 10 बजे से शाम चार बजे तक आयोजित इन विशेष कैंपों में बूथ लेवल अधिकारी मौजूद रहे।

अभियान का मुख्य उद्देश्य मतदाता सूची में पंजीकरण से छूटे पात्र नागरिकों और पहली बार मतदान के योग्य हो रहे युवाओं के नाम शामिल करना रहा। जिला निर्वाचन अधिकारी सत्य प्रकाश ने अभियान के दौरान विभिन्न मतदान केंद्रों का औचक निरीक्षण कर व्यवस्थाओं का जायजा लिया और मतदाता सूची पुनरीक्षण कार्य की समीक्षा की। उन्होंने बीएलओ को निर्वाचन आयोग के निर्देशों के अनुरूप अधिक से अधिक पात्र मतदाताओं का पंजीकरण सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। साथ ही कहा कि कोई भी पात्र नागरिक मतदाता सूची में नाम दर्ज कराने से वंचित न रहे। विशेष कैंपों में मतदाता सूची से संबंधित विभिन्न कार्यों के लिए निर्धारित प्रपत्रों पर कार्रवाई की गई। फॉर्म-6 के माध्यम से नए मतदाताओं का नाम जोडऩे, फॉर्म-7 के जरिए नाम हटाने से संबंधित अनुरोध तथा फॉर्म-8 के माध्यम से मतदाता विवरण में संशोधन, पता बदलने और अन्य निर्धारित सुधारों की प्रक्रिया पूरी की गई। जिला निर्वाचन अधिकारी ने बताया कि जनपद के सभी 1156 बूथों पर बीएलओ की मौजूदगी में अभियान संचालित किया गया। इस दौरान पात्र नागरिकों को मतदाता सूची में नाम शामिल कराने और अपने विवरण में आवश्यक संशोधन कराने का अवसर मिला। जिला निर्वाचन अधिकारी सत्य प्रकाश ने जनपदवासियों से अपील की कि जिन युवाओं ने 18 वर्ष की आयु पूरी कर ली है और जिनका नाम अभी तक मतदाता सूची में दर्ज नहीं है, वे फॉर्म-6 भरकर अपना पंजीकरण अवश्य कराएं। उन्होंने कहा कि लोकतांत्रिक व्यवस्था में प्रत्येक पात्र नागरिक की भागीदारी महत्वपूर्ण है। इसलिए सभी पात्र नागरिक मतदाता सूची में अपना नाम दर्ज कराकर मतदान के अधिकार का उपयोग करने के लिए आगे आएं। सूचना एवं जनसंपर्क विभाग की ओर से 24 अक्टूबर 2026 को जारी विज्ञप्ति के अनुसार, विशेष अभियान का उद्देश्य मतदाता सूची को अधिक समावेशी और अद्यतन बनाना तथा किसी भी पात्र मतदाता को पंजीकरण से वंचित न रहने देना है।

रिजर्व पुलिस लाइन में आयोजित किया परामर्श कार्यक्रम

ऑपरेशन जागृति में आपसी संवाद और समझाइश के बाद फिर एक हुए दो परिवार, दूर हुए पति और पत्नी के मतभेद

हरिभूमि न्यूज ⏭ ललितपुर

पारिवारिक विवादों और वैवाहिक मतभेदों के चलते टूटने की कगार पर पहुंचे परिवारों को फिर से जोडऩे के लिए ललितपुर पुलिस द्वारा ऑपरेशन जागृति के तहत लगातार प्रयास किए जा रहे हैं। इसी क्रम में रिजर्व पुलिस लाइन में परामर्श एवं काउंसलिंग कार्यक्रम आयोजित किया गया। इसमें आपसी संवाद और समझाइश के माध्यम से दो परिवारों के बीच सफलतापूर्वक समझौता कराया गया। इसके बाद दोनों परिवारों ने खुशी-खुशी फिर से साथ रहने पर सहमति जताई। पुलिस अधीक्षक संजीव कुमार बाजपेयी के निर्देशन में आयोजित इस कार्यक्रम में जनपद के विभिन्न थानों से प्राप्त पति-पत्नी के विवादों से संबंधित प्रकरणों पर सुनवाई की गई। ऑपरेशन जागृति की टीम के सदस्यों ने संबंधित पक्षों की समस्याओं को सुना और आपसी मतभेद दूर करने के लिए सकारात्मक संवाद के माध्यम से समझाने का प्रयास किया। काउंसलिंग के दौरान दोनों पक्षों के बीच आपसी सहमति बनने पर दो परिवारों का पुनर्मिलन कराया गया।

समझौते के बाद परिवारों के सदस्यों ने एक-दूसरे को मिठाई खिलाकर रिश्तों में दोबारा आई मिठास और विश्वास का संदेश दिया। वहीं, चार अन्य प्रकरणों में सुनवाई पूरी न होने के कारण अगली तारीख निर्धारित की गई, जिन पर आगे की कार्रवाई की जाएगी। ऑपरेशन जागृति का उद्देश्य पारिवारिक और वैवाहिक विवादों का आपसी बातचीत, काउंसलिंग और सहमति के माध्यम से सौहार्दपूर्ण समाधान कराना है। इसके जरिए परिवारों में आपसी विश्वास और सामंजस्य स्थापित करने के साथ ही बिखरते रिश्तों को बचाने तथा परिवारों के जीवन में नई आशा और सकारात्मकता लाने का प्रयास किया जाता है। काउंसलिंग कार्यक्रम में ऑपरेशन जागृति टीम के सदस्य अजय बरया, डा.एसपी पाठक, डा.जनक किशोरी शर्मा, सुभाष जैन, अधिवक्ता अरमान कुरैशी, महिला थानाध्यक्ष अनीता देवी, महिला हेड कांस्टेबल आशा देवी और महिला आरक्षी नीतू शामिल रहीं।

आपदा प्रभावित 1.28 लाख किसानों के खातों में जिला प्रशासन की ओर से पहुंची 60.31 करोड़ की राहत राशि

जिलाधिकारी सत्य प्रकाश के निर्देश पर तहसीलों में कराया गया था सर्वे

ललितपुर । अतिवृष्टि और प्राकृतिक आपदा से प्रभावित किसानों को राहत पहुंचाने के लिए जिला प्रशासन की ओर से आर्थिक सहायता राशि का वितरण किया गया है। शनिवार तक जनपद के 1,28,788 किसानों के बैंक खातों में कुल 60 करोड़ 31 लाख 78 हजार 128 रुपये की धनराशि अंतरित की जा चुकी है। इस सहायता का उद्देश्य फसल क्षति से प्रभावित किसानों को आर्थिक संबल प्रदान करना है। जिलाधिकारी सत्य प्रकाश के निर्देशन में आपदा प्रभावित किसानों को समय से राहत राशि उपलब्ध कराने के लिए जनपद की सभी तहसीलों में सर्वे कराया गया था। सर्वे के दौरान प्रभावित किसानों की स्थिति का आकलन करने के साथ उनके आवश्यक दस्तावेज प्राथमिकता के आधार पर संकलित किए गए। इसके बाद राहत राशि के भुगतान के लिए रिपोर्ट शासन को भेजी गई, जिसके क्रम में पात्र किसानों के खातों में धनराशि भेजने की प्रक्रिया आगे बढ़ाई गई। किसानों को राहत राशि उपलब्ध कराने की प्रक्रिया में तेजी लाने के साथ पारदर्शिता बनाए रखने के निर्देश संबंधित विभागों को दिए गए हैं। प्रशासन का प्रयास है कि प्राकृतिक आपदा से प्रभावित कोई भी पात्र किसान सहायता से वंचित न रहे। इसके लिए संबंधित अधिकारियों को किसानों की समस्याओं का समयबद्ध निस्तारण सुनिश्चित करने को कहा गया है। प्राकृतिक आपदा के कारण फसलों को नुकसान होने से किसानों को आर्थिक कठिनाइयों का सामना करना पड़ता है। ऐसे में राहत राशि से प्रभावित किसानों को नुकसान की भरपाई करने और आगामी कृषि कार्यों की तैयारी में मदद मिलने की उम्मीद है। जिला प्रशासन ने कहा है कि किसानों के हितों का संरक्षण और उनकी समस्याओं का त्वरित समाधान प्राथमिकता में है। राहत वितरण की प्रक्रिया में पात्रता और निर्धारित नियमों के अनुसार कार्रवाई सुनिश्चित की जा रही है।

मुनिपुंगव सुधासागर महाराज ने धर्म धर्मायतनो को संरक्षित करने किया प्रेरित

प्रभावना पूर्वक मनाया44वां मुनि दीक्षा महोत्सव



हरिभूमि न्यूज ⏭ ललितपुर

तीर्थ चक्रवर्ती निर्यापक श्रमण मुनिपुंगव सुधासागर महाराज का 44 वा दीक्षा दिवस के नगर के सुधासागर कन्या इंटर कॉलेज, डोंडाघाट, ललितपुर में भव्य धार्मिक एवं सांस्कृतिक कार्यक्रम के साथ मनाया गया। यह आयोजन दिगंबर जैन समाज पंचायत समिति , ललितपुर के तत्वावधान एवं मुनि विशदसागर महाराज एवं मुनि शिवसागर महाराज ससंघ सानिध्य में किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ मंगलाचरण एवं चित्र अनावरण के साथ श्रेस्तीजनो ने किया। मुनिपुंगव सुधासागर महाराज की की संगीतमय पूजन हुईं जिसमें महिला मंडल सहित समाजश्रेस्तीजनो ने अर्घ समर्पित किए। विद्यालय के बच्चों द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रम की मनमोहक प्रस्तुति हुई।कार्यक्रम के दौरान विद्यालय में स्मार्ट क्लास एवं लाइब्रेरी का उद्घाटन नगर पालिका अध्यक्ष सोनाली जैन के द्वारा किया गया । इस मौके पर मुनि श्री विशद सागर महाराज ने जैन धर्म में दीक्षा को उत्कृष्ट साधना बताते हुए मुनि सुधासागर महाराज द्वारा धर्म एवं धर्म आयतनों को संरक्षित करने लिए दी गई प्रेरणा को अनुकरणीय बताया।

उन्होंने कहा दीक्षा दिवस जैन समाज के लिए आध्यात्मिक प्रेरणा, त्याग, तपस्या और संयम के आदर्शों को आत्मसात करने का महत्वपूर्ण अवसर है। इस आयोजन के माध्यम से श्रद्धालुओं ने धर्म एवं अध्यात्म के प्रति अपनी आस्था प्रकट की। कार्यक्रम में जैन पंचायत अध्यक्ष डॉ. अक्षय जैन टड़ैया, महामंत्री आकाश जैन , सनत जैन खजुरिया, सी.ए. सौरभ जैन , प्रफुल्ल कुमार जैन दैलवारा शिक्षा मंत्री,संजीव जैन लकी शील चंद्र अनोरा, अनिल जैन अंचल ,अखिलेश गदयाना, सुरेश चंद्र बढेरा, राजकुमार कैप्टन, अक्षय अलया,संजीव जैन स्पोर्ट्स, मनोज जैन बबीना, संजय रसिया, राजकुमार जैन सराफ, सुनील सराफ, अशोक कुमार जैन दैलवारा, पारस मनया, सुमित जैन खजुरिया, संजय ककडारी प्रभात सराफ सतीश नजा प्रमोद जैन कुशल चंद्र जैन एडवोकेट आदि उपस्थित रहे।संचालन प्रफुल्ल कुमार जैन प्रधानाचार्य कल्पना ने किया।

समोसे का ठेला लेकर लौट रहे व्यापारी से लाठी-डंडों से मारपीट, तीन नामजद

ललितपुर। शहर के कोतवाली थाना क्षेत्र के तालाबपुरा मोहल्ले में समोसे का ठेला लेकर घर लौट रहे एक व्यापारी के साथ मारपीट किए जाने का मामला सामने आया है। आरोप है कि शराब के नशे में मिले तीन लोगों ने व्यापारी के साथ गाली-गलौज करते हुए लात-घूंसों और लाठी-डंडों से हमला कर दिया। मारपीट में व्यापारी घायल हो गए। आरोपियों पर जान से मारने की धमकी देने का भी आरोप है। तहरीर पर पुलिस ने तीन नामजद आरोपियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। तालाबपुरा निवासी प्रदीप कुमार जैन पुत्र स्व. सुरेशचंद्र जैन सावरकर चौक पर समोसे का ठेला लगाते हैं। उन्होंने बताया कि 23 अक्टूबर की रात करीब 8.35 बजे वह अपना ठेला लेकर घर लौट रहे थे। जब वह अखाड़े वाली गली में राजपूत किराना स्टोर के सामने पहुंचे, तो वहां तालाबपुरा में अखाड़े के पीछे रहने वाले राजेश, नरेंद्र और संजय कुशवाहा मिले। तीनों लोग शराब के नशे में थे और उन्होंने बिना किसी वजह के गाली-गलौज शुरू कर दी। आरोप है कि जब प्रदीप कुमार जैन ने इसका विरोध किया, तो तीनों ने उनके साथ लात-घूंसों और लाठी-डंडों से मारपीट की। हमले में उनके सिर और शरीर पर चोटें आईं और वह जमीन पर गिर पड़े। आरोप है कि घटना के बाद हमलावर जान से मारने की धमकी देते हुए मौके से भाग गए। प्रदीप कुमार जैन ने बताया कि वह हृदय रोग से ग्रसित हैं और उनकी बाईपास सर्जरी भी हो चुकी है। कोतवाली पुलिस ने तहरीर के आधार पर राजेश, नरेंद्र और संजय कुशवाहा के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया है।

मकानों के गंदे पानी की निकासी का पानी छोड़ा जा रहा नहर में

गोविंद सागर बांध की बाईं नहर से बीमारियों का खतरा

हरिभूमि न्यूज ⏭ ललितपुर



शहर के बीच से निकली गोविन्द सागर बांध की बाईं नहर में व्याप्त गंदगी और उससे फैलने वाली संक्रामक बीमारियों के खतरे को लेकर बुंदेलखंड विकास सेना ने गहरी चिंता व्यक्त की है। संगठन ने नहर को पाइपलाइन के रूप में कवर कर इस समस्या का स्थायी समाधान करने की मांग की है। इस संबंध में आज स्थानीय कंपनी बाग में बुंदेलखंड विकास सेना की एक आवश्यक बैठक केंद्रीय प्रमुख टीटू कपूर की अध्यक्षता में आयोजित की गई। बैठक में नहर की बदहाल स्थिति, सीवर और गंदे पानी का नहर में छोड़ा जाना, गंदगी, मच्छरों के बढ़ते प्रकोप तथा नहर में गिरकर लोगों के चोटिल होने और जान गंवाने की घटनाओं पर रोष व्यक्त किया गया। बैठक को संबोधित करते हुए बुंदेलखंड विकास सेना के केंद्रीय प्रमुख ने कहा कि शहर के बीच से गुजरने वाली गोविन्द सागर बांध की बायीं नहर ने गंदे नाले का स्वरूप ले लिया है।

उक्त नहर के किनारे के घरों का सीवर और गंदा पानी नहर में छोड़ा जा रहा है जिससे नहर में फैली गंदगी के कारण मच्छरों का प्रकोप बढ़ रहा है, जिससे संक्रामक बीमारियों का खतरा बना हुआ है। इसके अलावा नहर खुली होने के कारण इसमें गिरकर अनेक लोग अपनी जान गंवा चुके हैं। यह स्थिति शहरवासियों की सुरक्षा और स्वास्थ्य, दोनों के लिए गंभीर चिंता का विषय है।

उन्होंने कहा कि नहर की समस्या का स्थायी समाधान करने के लिए शहर के बीच से गुजरने वाले हिस्से में पाइपलाइन बिछाकर पानी की निकासी की व्यवस्था की जानी चाहिए। इससे जहां गंदगी और मच्छरों से होने वाली परेशानियों से राहत मिलेगी, वहीं शहर की सुंदरता भी बनी रहेगी तथा दुर्घटनाओं की आशंका कम होगी। टीटू कपूर ने सिंचाई विभाग से इस दिशा में तत्काल पहल करने की मांग करते हुए कहा कि चूंकि यह नहर सुम्मेरा तालाब के बगल से निकली है तथा इसे एक कार्ययोजना के अन्तर्गत सुम्मेरा तालाब से जोड़कर सुम्मेरा तालाब को भी साफ रखा जा सकता है।बुंदेलखंड विकास सेना समय-समय पर इस जनसमस्या को उठाती रही है। उन्होंने सांसद, विधायक और जिलाधिकारी से भी मामले में हस्तक्षेप कर आवश्यक कार्रवाई कराने की अपील की। उन्होंने कहा कि शहर के बीचोंबीच नहर की वर्तमान स्थिति स्वच्छता और नागरिक सुरक्षा की दृष्टि से उचित नहीं है। संबंधित विभागों को जनहित में इसका शीघ्र समाधान करना चाहिए। कदीर खान, काशीराम, परमानंद विश्वकर्मा, सुरेश झा, नंदराम कुशवाहा, रामसहाय राठौर, बलराम, संजू राजा, विराट, गफूर खान, खुशाल बरार, कामता प्रसाद भट्ट, खेमचंद कुशवाहा, प्रदीप जैन, रामप्रसाद झा, रामेश्वर, पहाड़ सिंह, खेमचंद, रोहित कुमार, मोहित शर्मा, संतोष अहिरवार, भागीरथ और रामस्वरूप मौजूद रहे।

बाइक से आए थे आरोपी, मुकदमा दर्ज

घर के बाहर खड़ी बाइक चोरी सीसीटीवी में कैद हुए 3 संदिग्ध

ललितपुर। कोतवाली थाना क्षेत्र के ग्राम गंगौरा में घर के बाहर खड़ी मोटर साइकिल चोरी होने का मामला सामने आया है। आरोप है कि देर रात एक अन्य बाइक पर सवार होकर आए तीन अज्ञात व्यक्ति मोटरसाइकिल चोरी कर ले गए। उसके पास घटना से संबंधित सीसीटीवी फुटेज भी मौजूद है। पुलिस ने शिकायत के आधार पर अज्ञात आरोपियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। ग्राम गंगौरा निवासी केहर सिंह पुत्र रघुवीर सिंह ने बताया कि 15 और 16 अक्टूबर की दरमियानी रात करीब दो बजे उनकी मोटर साइकिल संख्या यूपी 94 एई 0513 घर के बाहर खड़ी थी। इसी दौरान एक अन्य मोटरसाइकिल पर सवार होकर तीन अज्ञात व्यक्ति वहां पहुंचे। आरोप है कि तीनों उनकी मोटरसाइकिल चोरी कर मौके से फरार हो गए। मोटर साइकिल चोरी की पूरी घटना का सीसीटीवी फुटेज उनके पास सुरक्षित है। उन्होंने बताया कि घटना के बाद अपने स्तर पर मोटर साइकिल की तलाश की और उसके संबंध में जानकारी जुटाने का प्रयास किया। इसी कारण पुलिस में शिकायत दर्ज कराने में कुछ देरी हुई। कोतवाली पुलिस ने केहर सिंह की तहरीर के आधार पर मुकदमा दर्ज किया है।

संत रविदास की 650वीं जयंती पर ऑडिटोरियम में युवा संवाद

वक्ता बोले: सृष्टिकर्ता की दृष्टि में सब समान हैं और जाति-संप्रदाय का कोई भेद नहीं होता

हरिभूमि न्यूज ⏭ विदिशा



विदिशा। ऑडिटोरियम में आयोजित किया गया युवा संवाद कार्यक्रम।

राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ ने संत शिरोमणि रविदास की 650वीं जयंती वर्ष के अवसर पर शनिवार को ऑडिटोरियम में युवा संवाद कार्यक्रम आयोजित किया।

कार्यक्रम में मुख्य अतिथि माननीय विभाग सह संघचालक रमाकांतजी, मुख्य वक्ता प्रांत घुमंतू कार्य प्रमुख लखनजी उपस्थित रहे। संघ का मुख्य उद्देश्य संत रविदास के जीवन, तपस्या, त्याग और संदेशों के माध्यम से समाज में जातिगत भेदभाव को दूर करना और समरसता को मजबूत करना है। संत रविदास की 650वीं जयंती पर वक्तव्य दिया कि संत परंपरा ने समाज में भक्ति का जागरण करने के साथ-साथ सामाजिक कुरीतियों और भेदभाव का उन्मूलन किया। सृष्टिकर्ता की दृष्टि में सब समान हैं और जाति-संप्रदाय का कोई भेद नहीं होता। संत रविदास ने धर्म का अर्थ समाज को जोड़ना और प्रगति करना बताया था। संत शिरोमणि रविदास (रैदास) भारत के महान संत, कवि और समाज सुधारक थे, जिन्होंने 15वीं-16वीं शताब्दी के दौरान भक्ति आंदोलन का नेतृत्व किया। उन्होंने समाज में फैली जातिगत व्यवस्था, छुआछूत और अंधविश्वास का कड़ा विरोध करते हुए मानवता और प्रेम का संदेश दिया। उनका जन्म वाराणसी के सीर गोवर्धनपुर में हुआ था। वह आजीविका के लिए जूते बनाने का कार्य करते थे, जिसे उन्होंने पूरे स्वाभिमान के साथ अपनाया। उनका सबसे प्रसिद्ध कथन है मन चंगा तो कठौती में गंगा। इसका अर्थ है कि यदि आपका मन पवित्र है तो आपके हृदय में ही साक्षात ईश्वर का वास है; इसके लिए किसी बाहरी आडंबर या तीर्थ यात्रा की आवश्यकता नहीं है।

कारस देव बाबा मंदिर में पूजा करने गए व्यक्ति से मारपीट

ललितपुर। थाना बानपुर क्षेत्र के ग्राम कुआंगांव स्थित कारस देव बाबा मंदिर पर पूजा-पाठ के कार्यक्रम में शामिल होने गए एक व्यक्ति के साथ पुरानी रंजिश को लेकर गाली-गलौज और मारपीट किए जाने का मामला सामने आया है। शिकायत पर पुलिस ने नामजद आरोपी के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज कर मामले की जांच शुरू कर दी है। ग्राम कुआंगांव निवासी जंडेल सिंह पुत्र बुद्धलाल बढ़ई ने बताया कि 15 सितंबर की शाम करीब सात बजे वह गांव में स्थित कारस देव बाबा मंदिर पर पूजा-पाठ के कार्यक्रम में शामिल होने गए थे। इसी दौरान उनकी मुलाकात गांव के ही रामलखन पुत्र गोविंद सिंह लोधी से हुई। आरोप है कि पुरानी रंजिश के चलते रामलखन ने उनके साथ मां-बहन की गाली-गलौज शुरू कर दी। जब उन्होंने इसका विरोध किया तो आरोपी ने कथित तौर पर लात-घूंसों और लाठी-डंडों से मारपीट की। चिल्लाने की आवाज सुनकर और मंदिर परिसर में अन्य ग्रामीणों को अपनी ओर आते देख आरोपी मौके से अपने घर की तरफ भाग गया। तहरीर के आधार पर थाना बानपुर पुलिस ने आरोपी रामलखन के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया है।

वेल्यू चेन योजना के तहत किसानों को निशुल्क वितरण करना था सोयाबीन

सरकार ने किसानों के लिए भेजा सोयाबीन कृषि अफसरों ने 6000 रुपए क्विंटल बेचा

मामला खरीफ फसल में कृषि विभाग में मिली 2098 वैरायठी सोयाबीन का, नकली बीज से किसानों को लाखों का नुकसान

हरिभूमि न्यूज ⏭ ब्यावरा

सरकार द्वारा प्रदेश के किसानों को बढ़ावा देने और खेती को लाभ का धंधा बनाने के उदेष्य से करोड़ों रूपयों का खर्च कृषि विभाग के माध्यम से किया जा रहा है। लेकिन गंभीर विषय यह है कि कृषि विभाग के अफसर ही किसानों को लूटने में कोई कसर नहीं छोड़ रहे है। जिन किसानों द्वारा विभाग के ऊपर आंख बंद कर विष्वास किया जाता है, वहीं विभाग के अधिकारी किसानों को नकली बीज बेचने में लगे है। मामला ब्यावरा विकासखण्ड अंतर्गत आने वाले कृषि विभाग के अधिकारियों का सामने आया है, जहा पर सरकार द्वारा वेल्यू चेन योजना के तहत खरीफ फसल 2026-27 के समय किसानों के लिए भेजी गई 2098 वैरायठी को बदलकर उसकी जगह नकली बीज लाकर बैच दिया गया है। किसानों ने इस मामले को उच्च लेवल पर जांच की मांग प्रषासन के सामने रखी है।

निःशुल्क मिलने वाली सोयाबीन के वसूले 6000 रूपए प्रति क्विंटल

नेषनल सीड कारपोरेषन द्वारा विभाग को उपलब्ध करवाई गई सोयाबीन में बहुत ही बढ़ा घोटाला हुआ है, या फिर यह योजना विभाग के अधिकारियों की मिली भगत से किसानों को मिलने वाली 2098 वैरायठी भ्रष्टाचार के भेंट चढ़ गई है। जहा किसानों को निःषुल्क मिलने वाली सोयाबीन के नकली बीज पैकिंग करवाकर 6000 रूपये प्रति क्विंटल ब्यावरा विकासखण्ड के अधिकारियों की मिली भगत से विभाग में पदस्त कृषि विस्तार अधिकारियों द्वारा करीब 150 क्विंटल सोयाबीन बैचने की जानकारी दी गई है। जिसका लाखों रूपयों में मुनाफा कमाया गया है।



इनका कहना है...

सोयाबीन बैरायठी के मामले में किसानों की शिकायत हमारे पास में जरूर आई थी, जिसको हमने भोपाल भेज दिया, एनएसपी की टीम द्वारा आकर किसानों के खेतों में निरीक्षण भी किया गया था, किसानों द्वारा कोई पैसे नहीं लिए गए है, अगर किसी ने लिए है, तो किसान को हमारे पास मे दो हम जांच करवा लेंगे।सूची छूट्टी होने के कारण हम उपलब्ध नहीं करवा सकते।

-दीपक वर्मा, प्रभारी वरिष्ठ कृषि विस्तार अधिकारी ब्यावरा।

ढाई बीघा जमीन से निकली मात्र 75 किलो सोयाबीन

कृषि विभाग के अधिकारियों द्वारा किए गए भ्रष्टाचार मामले में जब हरिभूमि रिपोंटर द्वारा ग्रामीण क्षेत्र में पहुंचकर पड़ताल की गई तो एक चाचाखेड़ी के किसान लक्ष्मीनारायण ने बताया कि विभाग द्वारा नकली बीज देने के कारण हमे ढाई बीघा जमीन से 75 किलो सोयाबीन निकली है। ऐसे में हमे भारी नुकसान उठाना पड़ा है। जून माह में बोई गई सोयाबीन को 23 अक्टूंबर को कटाई कर निकाली गई है। ग्राम सेवक ली गई एक क्विंटल सोयाबीन के बदले 6000 रूपये लिए गए थे। वहीं चाटा के एक किसान षिवनारायण ने बताया कि मेरे द्वारा भी 1 क्विंटल सोयाबीन ली गई थी, जिसका ग्राम सेवक दीपक वर्मा द्वारा 6200 रूपये लिए गए है। मुझे बताया गया था कि आपके सब्सीडी डल जाएगी, जो आज दिनांक नहीं आई है, और बीज भी खराब मिला है। जब इस संबंध में संबंधित अधिकारी से सोयाबीन देने वाले किसानों की सूची मांगी गई तो वह आना-कानी करने में लग गए।

स्वच्छता के महत्व पर दिया जोर

पीएम नरेंद्र मोदी के 'मन की बात' का उपमुख्यमंत्री देवड़ा ने किया श्रवण



हरिभूमि न्यूज ⏭ मंदसौर

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मन की बात कार्यक्रम का प्रदेश के उपमुख्यमंत्री जगदीश देवड़ा ने ग्राम बिलांत्री में श्रवण किया। रविवार को इस अवसर पर जनपद पंचायत अध्यक्ष बसंत शर्मा, जिला योजना समिति सदस्य राजेश दीक्षित, पूर्व जिला पंचायत अध्यक्ष प्रियंका मुकेश गिरी गोस्वामी, स्थानीय जनप्रतिनिधि, अधिकारी-कर्मचारी एवं बड़ी संख्या में ग्रामीणजन उपस्थित रहे। मन की बात कार्यक्रम के पश्चात उपमुख्यमंत्री देवड़ा ने स्वच्छता के महत्व पर जोर देते हुए कहा कि हमें अपने आसपास साफ-सफाई का विशेष ध्यान रखना चाहिए। अपने वार्ड, गांव एवं शहर को स्वच्छ रखने में प्रत्येक नागरिक की भूमिका महत्वपूर्ण है। उन्होंने कहा कि हमें अपने गांव पर गर्व करना चाहिए और गांव को स्वच्छ एवं सुंदर बनाने के लिए निरंतर प्रयास करना चाहिए। उन्होंने कहा कि स्कूल, आंगनबाड़ी केंद्र और खेल के मैदान भी स्वच्छ रहें, इसका विशेष ध्यान रखें। बच्चों में स्वच्छता की आदत बचपन से विकसित हो, इसके लिए बड़ों को स्वयं उदाहरण प्रस्तुत करना होगा। हम जैसा व्यवहार करेंगे, बच्चे भी उसी का अनुसरण करेंगे। इसलिए स्वच्छता को अपनी दिनचर्या का हिस्सा बनाते हुए स्वच्छ एवं स्वस्थ वातावरण बनाने में सभी सहभागी बनें।

शिक्षक को रास्ते में रोककर लाठी-डंडों से पीटा, पुलिस ने 3 पर दर्ज किया केस

स्कूल से लौटते में रेलवे स्टेशन जोड़ के पास वारदात

हरिभूमि न्यूज ⏭ सारंगपुर



शासकीय कन्या शाला स्कूल में पदस्थ शिक्षक सुभाष शर्मा के साथ मारपीट का मामला सामने आया है। शिक्षक की शिकायत के अनुसार शुक्रवार को स्कूल से घर लौटते समय रेलवे स्टेशन जोड़ के पास कार सवार तीन लोगों ने उनका रास्ता रोककर प्लास्टिक के डंडों से हमला कर दिया। मारपीट में शिक्षक के पेट, बाईं कलाई, छाती के पास और हाथ-पैरों में चोटें आईं। आरोपियों ने जाते समय उन्हें जान से मारने की धमकी भी दी। पुलिस ने देर रात मामला दर्ज कर जांच शुरू की।

जानकारी के अनुसार, शिक्षक सुभाष शर्मा मोती मोहल्ला, सारंगपुर में रहते हैं और शिवधाम कॉलोनी स्थित शासकीय कन्या शाला स्कूल में अध्यापक के पद पर पदस्थ हैं। घटना वाले दिन शाम करीब 4रू30 बजे स्कूल की छुट्टी होने के बाद वे अपने साथी शिक्षक संजय नागर की मोटरसाइकिल पर पीछे बैठकर सारंगपुर की ओर आ रहे थे। रेलवे स्टेशन जोड़ के पास सड़क किनारे एक कार में बैठे तीन लोगों ने उनकी मोटरसाइकिल रुकवाई। इसके बाद तीनों ने शिक्षक को रोककर प्लास्टिक के डंडों से मारपीट शुरू कर दी। शिकायत के मुताबिक, इसी दौरान एक आरोपी ने गुलेल से पत्थर भी मारा। हमले में शिक्षक के पेट, बाईं कलाई, छाती के पास तथा हाथ-पैरों में चोटें आईं। शिकायत में बताया गया कि घटना के दौरान साथी शिक्षक संजय नागर, शिक्षक छगनलाल मालवीय, गोविंद नागर और अन्य लोगों के पहुंचने पर तीनों आरोपी कार में बैठकर भागने लगे। जाते समय उन्होंने शिक्षक को जान से मारने की धमकी दी। शिक्षक ने बताया कि वे आरोपियों को नहीं जानते और उनकी कार का नंबर भी नहीं देख पाए।

देर रात दर्ज किया मामला

घटना के बाद शिक्षक ने पुलिस थाने पहुंचकर शिकायत दर्ज कराई। पुलिस ने मेडिकल परीक्षण कराने के बाद देर रात मामला दर्ज कर जांच में लिया। वही थाना प्रभारी राहुल रघुवंशी ने बताया कि शिकायत में बताए गए घटनाक्रम के आधार पर आरोपियों की पहचान और हमले के कारणों की जांच जारी हैं।

पीएम श्री शासकीय बालक विद्यालय में ये हाल- न तेल है, न मसाला, न पोषण

मासूम की थाली में छलावा, पोषण के नाम पर पानी वाली सब्जी

हरिभूमि न्यूज ⏭ सुठालिया

शासन की मंशा है कि कोई बच्चा भूखा न रहे और कुपोषण खत्म हो, लेकिन सुठालिया के पीएम श्री शासकीय बालक विद्यालय में इस मंशा की धज्जियां उड़ाई जा रही हैं।

तस्वीर बयां कर रही हैं दर्द

हाथ में आई ताजा तस्वीरों में साफ दिखाई दे रहा है कि बच्चों की थाली में सब्जी के नाम पर सिर्फ पीला पानी है। न तेल है, न मसाला, न पोषण। सूखी रोटी के साथ ऐसी सब्जी परोसी जा रही है जिसे बड़ा आदमी भी न खा सके, तो ये मासूम कैसे खाएं मेन्यू में पौष्टिक भोजन लिखा है, लेकिन थाली में पहुंच रहा है सिर्फ समझौता।



हर बार रफा-दफा, इस बार नहीं चलेगा बहाना

यह पहली बार नहीं है। पिछली बार जब इसी स्कूल की तस्वीरें वायरल हुई थीं, तो जिम्मेदारों ने कह दिया था - यह पुराना फोटो है और मामले को दबा दिया गया। लेकिन आज की तस्वीरें लाइव हैं, ताजा हैं, जो पूरे सिस्टम पर सवाल खड़ी कर रही हैं।

प्राचार्य की भूमिका पर सबसे बड़ा सवाल

इतनी बार हकीकत सामने आने के बाद भी स्कूल प्राचार्य ने आज तक समूह संचालक के खिलाफ एक भी लिखित कार्रवाई क्यों नहीं की? न नोटिस, न पंचनामा, न शिकायत। क्या वजह है कि प्राचार्य हर बार चुप्पी साध लेते हैं? कहीं इस चुप्पी के पीछे कोई मिलीभगत तो नहीं? यह सवाल अब हर अभिभावक के मन में है और प्राचार्य भी अब सवालों के घेरे में हैं।

किसके संरक्षण में चल रहा है समूह संचालक?

क्षेत्र में चर्चा है कि मध्यान्ह भोजन समूह संचालक पर किसी रसूखदार नेता का हाथ है, इसी कारण अधिकारी भी उस पर हाथ डालने से बचते हैं। अगर ऐसा नहीं है तो आज तक कार्रवाई क्यों नहीं हुई?

इनका कहना है

आप मुझे स्कूल का नाम बताइए, मैं तत्काल नोटिस जारी करवाता हूं। बच्चों के भोजन से किसी भी तरह का समझौता बर्दाश्त नहीं किया जाएगा।

-जी.के. दुबे, बीआरसी ब्यावरा

गायत्री मंदिर में नौ दिवसीय नवरात्रि पर धार्मिक अनुष्ठान के बाद कन्या भोज आयोजित

गायत्री शक्तिपीठ में शारदीय नवरात्रि के अवसर पर प्रतिदिन धार्मिक अनुष्ठानों के साथ ध्यान-साधना की

हरिभूमि न्यूज ⏭ जीरापुर



नगर के आवास कॉलोनी स्थित मां गायत्री शक्तिपीठ में शारदीय नवरात्रि के अवसर पर प्रतिदिन धार्मिक अनुष्ठानों के साथ ध्यान-साधना की गई। नौ दिनों तक मंदिर में भक्तिमय वातावरण बना रहा तथा श्रद्धालुओं ने धार्मिक गतिविधियों में भाग लेकर माता की आराधना की।

नवमी के पावन अवसर पर गायत्री परिवार के सदस्यों द्वारा विधि-विधान से यज्ञ संपन्न कराया गया।विजयादशमी पर रावण दहन उपरांत राम सवारी का परम्परा अनुसार गायत्री मंदिर ट्रस्ट संरक्षक विधायक हजारीलाल दांगी एवं पूर्व नपाध्यक्ष गोकरण वर्मा सहित उपस्थित ट्रस्टीयों ने स्वागत किया तथा आरती उतारी।इसी क्रम में शुक्रवार को गायत्री परिवार महिला मंडल के तत्वाधान में कन्या भोज का आयोजन किया गया, जिसमें कन्याओं को भोजन कराकर उनका पूजन किया गया।

इस अवसर पर गायत्री शक्तिपीठ ट्रस्ट के ट्रस्टी सूरजमल भावसार, देवनारायण दांगी, राधाबल्लभ गुप्ता प्रोफेसर, बलराम टांक, दिनेश जमींदार एवं राजेश राठौर एवं महिला मंडल की महिलाएं जिन्होंने कन्या भोज का आयोजन किया उनमें प्रमुख रूप से श्री मती ज्योत्सना दांगी, चंदन राठौड़, देवबाला खुजनेरी, मंजू गुप्ता, संगीता भावसार, सुमित्रा गुप्ता, उर्मिला गुप्ता, सरजुबाई भानपुरा, बिन्दु सोनगिरा सहित समस्त महिलाओं ने सहभागिता की। धार्मिक आयोजनों के माध्यम से श्रद्धालुओं ने सुख-समृद्धि एवं जनकल्याण की कामना की।

उपचार के दौरान विवाहिता की मौत, ससुर ने दामाद पर लगाया जहर देने का आरोप

तीन साल पहले हुई थी शादी, डेढ़ साल की बेटी की मां

हरिभूमि न्यूज ⏭ सारंगपुर



शनिवार को सिविल अस्पताल सारंगपुर में एक विवाहिता की मौत से जुड़ा मामला सामने आया। जानकारी के अनुसार, ग्राम वदेशी निवासी सोना पति जगदीश (24 वर्ष) की शाजापुर के गोयल हॉस्पिटल में उपचार के दौरान मौत हो गई। इसके बाद मृतका के पिता ने अपने दामाद पर बेटी को जहर देकर मारने का आरोप लगाया।

मामले में पुलिस ने मर्ग कायम कर जांच शुरू कर दी है। मृतका के पति जगदीश ने बताया कि उसकी शादी करीब तीन वर्ष पहले देवास में हुई थी। दोनों की डेढ़ वर्ष की एक बेटी भी है। शादी के बाद से ही सोना की तबीयत खराब रहने लगी थी। उसने पत्नी का सारंगपुर, शाजापुर और उज्जैन सहित कई जगहों पर उपचार कराया। चिकित्सकों ने सोना को टीबी की बीमारी होना बताया था, जिसका इलाज भी चल रहा था। जगदीश के अनुसार, शनिवार को शाजापुर के गोयल हॉस्पिटल में उपचार के दौरान सोना की मौत हो गई। उसने फोन पर देवास में रहने वाले अपने ससुर को इसकी जानकारी दी। आरोप है कि इस पर ससुर ने कहा कि उसने बेटी को जहर देकर मार दिया है और वह उसके खिलाफ पुलिस में शिकायत करेंगे। इसके बाद जगदीश अपने परिजनों के साथ सोना का शव लेकर ग्राम वदेशी पहुंचा और अंतिम संस्कार की तैयारी करने लगा। हालांकि, परिजनों की सलाह और समझाइश के बाद शव को एंबुलेंस से सारंगपुर सिविल अस्पताल लाया गया।

यहां डॉ. रवि चंद्रावत ने शव का परीक्षण करने के बाद पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया तथा पुलिस को सूचना दी। पोस्टमार्टम के बाद शव पति और परिजनों को सौंप दिया गया। पुलिस मामले की जांच कर रही है। मौत के वास्तविक कारणों का खुलासा पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद हो सकेगा।

दशहरा पर्व पर बारिश से प्रभावित 35 छोटे व्यापारियों को नप अध्यक्ष ने दी सहायता राशि



हरिभूमि न्यूज ⏭ शामगढ़ /मंदसौर

रावण दहन के दिन लगे मेले में दशहरे के त्योहार के दौरान हुई असमय वर्षा के कारण आर्थिक नुकसान झेलने वाले छोटे व्यापारियों की मदद के लिए नगर परिषद ने एक सराहनीय पहल की है। नगर परिषद अध्यक्ष कविता नरेंद्र यादव, नगर के सेवाभावी जनों पार्षदों, एल्डरमैन और नप कर्मचारियों ने आपस में फंड जुटाकर प्रभावित हुए 35 छोटे व्यापारियों को आर्थिक सहायता राशि प्रदान की है। मिली जानकारी के अनुसार, दशहरे के मेले(रावण दहन) और त्योहार के समय हुई भारी बारिश से नगर के कई छोटे दुकानदारों और अन्य सामग्री बेचने वाले व्यापारियों का काफी नुकसान हो गया था। व्यापारियों की इस परेशानी को देखते हुए नगर परिषद अध्यक्ष कविता नरेंद्र यादव ने संवेदनशीलता दिखाई। उन्होंने परिषद के सदस्यों और नगर के विशिष्ट जनों के साथ मिलकर स्वेच्छा से एक विशेष फंड तैयार किया। इस एकत्रित सहायता राशि को अध्यक्ष निवास पर सभी 35 प्रभावित व्यापारियों को एक बैठक में बुलाकर सम्मानपूर्वक वितरित किया गया। आपदा के समय मिली इस त्वरित आर्थिक मदद से व्यापारियों के चेहरे खिल उठे।

व्यापारियों ने जताया आभार

नप अध्यक्ष और पूरी टीम के इस कदम से अभिभूत होकर सभी व्यापारियों ने मिलकर सभी का आभार और धन्यवाद व्यक्त किया। व्यापारियों ने नपा अध्यक्ष प्रतिनिधि नरेंद्र यादव को साफा बांधकर, श्रीफल भेंट कर और माला पहनाकर उनका आत्मीय सम्मान किया। इस दौरान नगर के कई पार्षद, एल्डरमैन और नपा कर्मचारी मुख्य रूप से उपस्थित रहे।

शिवना शुद्धिकरण अभियान में 1 ट्रॉली कचरा निकाला

आस्था भी बनी रहे और शिवना स्वच्छ-निर्मल रहेः विधायक जैन







हरिभूमि न्यूज ⏭ मंदसौर

शिवना शुद्धिकरण अभियान के 147वें दिन सभी श्रमदानियों ने एकजुट होकर शिवना नदी में श्रमदान किया। शिवना योद्धाओं ने शिवना नदी को स्वच्छ रखने का संकल्प भी लिया। रविवार को श्रमदान के दौरान नदी किनारे,घाटों एवं नदी के भीतर फैले प्लास्टिक कचरे, गंदगी और अन्य अपशिष्ट पदार्थों को बाहर निकालकर सफाई की गई। नदी के आसपास पड़ा कचरा भी हटाया गया, क्योंकि यही कचरा दोबारा नदी में पहुंचकर जल को प्रदूषित करता है। इस अवसर पर विधायक विपिन जैन ने कहा कि शिवना नदी हमारी आस्था और शहर की पहचान है, इसे स्वच्छ रखना हम सभी की जिम्मेदारी है। नदी में लगातार कचरा फेंकने से नदी की सुंदरता के साथ-साथ पर्यावरण को भी नुकसान पहुंच रहा है। जैन ने सभी नगर वासियों से अपील करते हुए कहा कि पूजन सामग्री नदी में प्रवाहित न करें। नदी किनारे रखे गए निर्धारित कलश में ही पूजन सामग्री डालें, ताकि आस्था भी बनी रहे और शिवना नदी भी स्वच्छ एवं निर्मल बनी रहे।

जैन ने नगर के सभी आमजन से आग्रह किया किप्रति रविवार को प्रातः 7 से 9 बजे तक चलने वाले श्रमदान में सहभागिता करें। श्रमदान करने वालों में विधायक विपिन जैन समाज सेवियों में हेमराज खाबिया, भंवरलाल प्रजापत, रमेश सोनी, राकेश जेन पिन्टू, पंकज जैन, बालकृष्ण दवे, शांतिलाल मेमावत टोलखेड़ी, पंकज जैन, डॉ संभव जैन महिला नेत्रियों में इष्टा भाचावत, राखी सत्रावाला, अनीता भदोरिया, कौशल्या त्रिवेदी, कांग्रेसजन मे सर्वश्री राजनारायण लाड़, विकास दशोरा, संजय नाहर, खलील पठान, विश्वास दुबे, अजय दुबे, अजय सोनी, महेश गुप्ता, साबिर इलेक्ट्रीशियन, कैलाश कुमावत, गणपत कुमावत, विजय सिंह सिसोदिया, सादिक गोरी, राकेश सेन, आमीन खान, मंगल गवली, संजय बारोट, अंसार मेव, राजेश चौधरी, ऋषिराज लाड़, कनिष्क सोनी आदि ने श्रमदान में सहभागिता की।